विद्यार्थियों ने किया काव्य पाठ, बटोरी तालियां

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय का वार्षिक सांस्कृतिक एवं खेलकूद आयोजन 'प्रतिभा-2016'

भोपाल, 14 मार्च, 2016 : माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के वार्षिक सांस्कृतिक एवं खेलकूद आयोजन 'प्रतिभा-2016' में सोमवार को विद्यार्थियों ने स्वरचित काव्य पाठ, संवाद-चर्चा और क्विज प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतिभा के तहत मंगलवार को स्किट, समूह नृत्य, एकल नृत्य और एकल वाद्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

पत्रकारिता विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने काव्य पाठ प्रतियोगिता में अपनी कविताओं के माध्यम से समाज को सकारात्मक संदेश दिया। युवा कवियों ने देशप्रेम, पर्यावरण, नारी सशक्तिकरण, भ्रष्टाचार और श्रृंगार रस की कविताएं सुनाकर खूब तालियां बटोरीं। वहीं, संवाद-चर्चा प्रतियोगिता में 'मीडिया ट्रायल से प्रभावित होते हैं न्यायिक फैसले' विषय पर विद्यार्थियों ने महत्वपूर्ण विचार प्रस्तुत किए। कुछ विद्यार्थियों ने कहा कि एक हद तक मीडिया ट्रायल से न्यायिक फैसलों पर असर आता है। जबकि दूसरे प्रतिभागियों का कहना था कि न्यायपालिक कानून और साक्ष्यों के आधार पर काम करती है। इसलिए न्यायिक फैसलों पर मीडिया ट्रायल का असर नहीं होता। विद्यार्थियों ने क्विज प्रतियोगिता में भी अपने ज्ञान को लोहा मनवाया। राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय विषयों से जुड़े प्रश्नों का जवाब देकर विद्यार्थियों ने खूब सराहना बटोरी। विश्वविद्यालय परिसर में मंगलवार को भी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।